
पर्व | शिवालयों में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

# हिंदू मुस्लिम एकता मंच द्वारा भगवान शिव की बारात का किया स्वागत



**नवभारत उमरिया ।** उमरिया महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हिंदू मुस्लिम एकता मंच द्वारा भगवान शिव जी एवं माता पार्वती जी की दिव्य बारात का भव्य स्वागत किया गया। भगवान शिव जी की बारात शिवशक्ति धाम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करती हुई सागरेश्वर धाम में संपन्न होगी। नगर के जय स्तंभ चौक पर हिंदू मुस्लिम एकता मंच के सदस्यों ने बारातियों पर पुष्प वर्षा कर एवं भगवान शिव जी व माता पार्वती जी को पुष्पमाला अर्पित कर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शिव भक्तों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मो. असलम शेर ने अपने संबोधन में कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंच द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव की बारात का भव्य स्वागत किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा मंच सदैव सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और आपसी एकता का संदेश देता आया है। महाशिवरात्रि जैसे पवित्र पर्व पर हम सभी मिलकर भगवान शिव से सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने समस्त शिव भक्तों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संयोजक राजेंद्र कोल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता मंच सदैव धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है और समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए कार्य करता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की बारात में शामिल होकर स्वागत करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम, एकता और आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अब्दुल साबित, हनीफ खान, मो. मंसूर, राजेंद्र कुशवाहा, नसरीन बानो, श्रीकांत तिवारी, कृष्ण कांत तिवारी, राज चौधरी, रोशनी श्याम, रचना यादव, रोहणी श्याम, सरिता बर्मन, पायल कोरी, साक्षी बर्मन, दिव्या सिंह आदि भारी संख्या में हिंदू मुस्लिम एकता मंच के सदस्य एवं भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ऋणमुक्तेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



फोटो-484

**नवभारत , डिंडोरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कुकर्रामठ स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गईं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा ।मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा एवं पुष्प अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और ऋणमुक्ति की कामना की। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से पूजा करने पर व्यक्ति को आर्थिक एवं मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है, इसी आस्था के चलते दूर-दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे ।मंदिर समिति द्वारा दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए पेयजल, प्रसाद एवं व्यवस्था संबंधी विशेष इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से भी पुलिस बल तैनात रहा।



# शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोगी कल्याण समिति की बैठक

▶ स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार पर जोर

**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोगी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा उपचार व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए कई सुझाव भी रखे गए।



# देवनाला पर्यटन स्थल में महाशिवरात्रि पर्व पर दो दिवसीय मेला आयोजित

**नवभारत, अमरपुर ।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत खैरदा (सक्का) में देवनाला पर्यटन स्थल के नाम से जाना जाता हैं। जहां पर बहुत ही पुरानी प्राकृतिक धार्मिक धरोहर हैं। जानकारों के अनुसार महादेव भगवान शंकर महिमा का यह वर्णन आता हैं। यहां स्नान कर भगवान शिव लिंग में जल चढ़ाने का बहुत बड़ा महत्व बताया जा रहा हैं। यहां पर आज से नहीं बल्कि बहुत पुराने जमाने से प्रतिदिन शिवभक्तों का स्नान एवं दर्शन करने के लिए आवागमन लगा रहता हैं। विशेष कर प्रत्येक वर्ष देवनाला में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालूओं के द्वारा व्रत धारण कर अपने अपने श्रद्धा भावभक्ति के साथ पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करते हैं। महाशिवरात्रि पर्व के देवनाला में स्नान ध्यान करने एवं महादेव शिवलिंग का दर्शन व जल अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ इस वर्ष भी जमकर उमड़ी। महाशिवरात्रि पर्व पर देवनाला पर्यटन स्थल में शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। महाशिवरात्रि पर्व पर यहां दोदिवसीय मेला का आयोजन किया गया हैं। आयोजित दो दिवसीय मेला में मिठाइयां, मनिहारी, धार्मिक पुस्तकें, बर्तन, खेल खिलौनों आदि की आकर्षक दुकानें लगाएं गए हैं। लोगों ने महाशिवरात्रि पर्व पर स्नान कर शिवलिंग के दर्शन उपरांत मेला का आनंद लिए।

# मंडल अध्यक्ष ने ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काटकर किया शुभारंभ

**नवभारत, अमरपुर ।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम जैतपुरी में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरपुर आकाश नामदेव मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए प्रतियोगिता के शुभारंभ में विधिवत ग्राम के देवी देवताओं की पूजा अर्चना के पश्चात प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया?। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। मण्डल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज खेल का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, खेल से हमारा शरीर स्वस्थ रहता हैं। साथ ही मण्डल अध्यक्ष ने युवा खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की बात कहते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ हैं, हर युवा को किसी प्रकार व्यसन नशे से दूर रहने की जरूरत हैं?।



जिस प्रकार हर खेल में नियम होते हैं, उसी प्रकार हर व्यक्ति के अंदर भी नियम होना चाहिए कि वो नशा न करे जिस प्रकार खेल में नियम का उलंघन होता हैं तो खिलाड़ी आऊट होता हैं। उसी प्रकार अगर खिलाड़ी अपनी आम जीवन में अगर नशा करता हैं तो भी आऊट होने के ज्यादा अंदेशा बना रहता हैं। इसलिए हर खिलाड़ी और इंसान को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। तत्पश्चात खेल और खिलाड़ियों के उत्साह के लिए तत्काल खेल समिति को एक हजार रुपए नगद प्रदान किए। जिससे प्रतियोगिता का संचालन सफल तरीके से हो सके। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता टीम को 12 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी वहीं पर उपविजेता टीम को 6 हजार नगद व ट्रॉफी दी जाएगी। इस ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता में आस पास गांवों के 36 ग्रामीण टीमों ने हिस्सा लिया हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री राम कुमार वनबासी, मण्डल मंत्री मनीष ठाकुर, आयोजन समिति सदस्यों सहित ग्राम के पंच एवं सैकड़ों युवा, ग्रामीणजन भारी संख्या मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत पारंपरिक खेल कबड्डी की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं

▶ 52 टीमें लेंगी भाग



**नवभारत, डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा जारी आदेशानुसार भारत शासन की राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत पारंपरिक खेलों के प्रोत्साहन हेतु जिले में नवाचार के रूप में विभिन्न स्तरों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक (सर्व शिक्षा अभियान) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है ।यह प्रतियोगिता 12-15 आयु वर्ग के बालक वर्ग के लिए आयोजित की जा रही है। जिले में पारंपरिक खेलों की क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिताएं 16 फरवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक तथा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं 21 से 22 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक विकासखंड से चयनित एक फाइनल टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

पुरस्कार राशि (जिला स्तर)प्रथम पुरस्कार -21,000 ,द्वितीय पुरस्कार - 11,000 ,तृतीय पुरस्कार - 5,100 ,सांत्वना पुरस्कार - 1,100 ,क्लस्टर स्तर पर चयनित कुल 52 टीमें विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेंगी। आयोजन तिथि एवं स्थल का निर्धारण विकासखंडवार किया जा चुका है।

**विकासखंडवार कार्यक्रम** - विकासखंड शहपुरा कुल 08 टीमें (क्लस्टर): शहपुरा, बिछिया, अमेरा, मानिकपुर, कोहनी देवरी ढह, कछारी, बड़गांव, कस्तूर पिपरियातिथि: 17 फरवरी 2026स्थल: रानी दुर्गावती स्टेडियम विकासखंड करंजिया ।कुल 07 टीमें (क्लस्टर): करंजिया, मुसामुंडी, रुषा, मेढाखार, गोरखपुर, झांकी, गोपालपुर ,तिथि: 18 फरवरी 2026 । स्थल उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान, करंजिया। विकासखंड डिंडोरी से कुल 10 टीमें (क्लस्टर): प्राचीन डिंडोरी, कूड़ा, धूर्रा, नेवसा, शाहपुर, अझवार, जामगांव, विक्रमपुर, कन्या विक्रमपुर, रयपुरातिथि: 18 फरवरी 2026स्थल: कन्या शिक्षा परिसर, डिंडोरी।

**विकासखंड बजाग**-कुल 07 टीमें (क्लस्टर): खरहगना, सागर टोला, बाजाग, गाड़ासरई, कन्या बाजाग, चाड़ा, लालपुर तिथि: 18 फरवरी 2026 स्थल: उत्कृष्ट विद्यालय, बजाग ।विकासखंड समनापुर से

कुल 06 टीमें (क्लस्टर): खुड़िया, मझगांव, समनापुर, गौरा कन्हरी, कुकर्रामठ, बम्हनी तिथि: 17 फरवरी 2026 स्थल: उत्कृष्ट विद्यालय मैदान, समनापुर। विकासखंड अमरपुर से कुल 07 टीमें (क्लस्टर): अमरपुर, कामको मोहनिया, निघोरी, सिधौली, कमरा सोडा, कन्या अमरपुर तिथि: 18 फरवरी 2026। स्थल: संदीपनी विद्यालय, अमरपुर विकासखंड मेहदबानी कुल 06 टीमें (क्लस्टर): मेहदबानी, सागर टोला, कनेरी, चौबीस, राई, कठौतिया। तिथि: 18 फरवरी 2026 स्थल: उत्कृष्ट विद्यालय, मेहदबानी विकासखंड नोडल अधिकारियों द्वारा कबड्डी खेल विधा विशेषज्ञों एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं में खेल भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नगर में जगह-जगह महाशिवरात्रि पर्व पर हर्षोल्लास के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**नवभारत, शहपुरा।** नगर के उमरिया रोड स्थित झारिया धर्मशाला में झारिया मेहरा समाज द्वारा भव्य शिव मंदिर की स्थापना एवं भगवान शिव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोहपूर्वक संपन्न कराई गई। धार्मिक आस्था और उल्लास के माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन एवं हवन के साथ हुई। विद्वान पंडितों के निर्देशन में विधि-विधान से भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित की गई। मूर्ति स्थापना पूर्ण होते ही पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक तथा बेलपत्र अर्पित कर परिवार और समाज की



सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर धर्मशाला परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ती रही और महिलाओं ने मंगल गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समाज के युवाओं और पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। मूर्ति स्थापना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न समाजों के लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सामाजिक सद्भाव और एकता का भी सुंदर उदाहरण देखने को मिला। इसी के साथ महाशिवरात्रि का पर्व पूरे शहपुरा क्षेत्र में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अमोल आश्रम, हलहाल धारा, कल्याण केंद्र सहित नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा।

कार्यप्रणाली | मुख्य मार्ग से इमलीकुटी तक किया जाना था निर्माण

# टेंडर होने के बावजूद ढाई वर्षों में नहीं बन पाई वार्ड नंबर एक की सड़क




**नवभारत, डिंडोरी।** नगर परिषद डिंडोरी में व्याप्त अनियमितताओ और अव्यवस्थाओं का पिटारा तो समय - समय पर खुलता ही रहता है ,बावजूद इसके ना तो जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली में कोई सुधार होता हैं और ना ही अधिकारी - कर्मचारियों की । फिर सिलसिलेवार अखबारी सुर्खियां आने के बावजूद शासन - प्रशासन ने भी मौन साध रखा है। लिहाजा नगर परिषद मनमानी पर आमादा है। जिसका सीधा प्रभाव नगरीय विकास पर देखा जा सकता हैं। अब आप वार्ड क्रमांक 1 में मुख्य मार्ग से इमलीकुटी तक बनने वाली सड़क का मामला ही ले लीजिए , जिसका निर्माण लगभग दो वर्ष पूर्व हो जाना था ,लेकिन ना तो सड़क बनी और ना ही परिषद में बैठे जवाबदार इस मामले की कोई जानकारी देने को तैयार है ।

### कायाकल्प 2 .0 अंतर्गत होना था निर्माण

बता दें कि तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कार्यकाल में परिषद द्वारा कायाकल्प अभियान 2.0 अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12, 11, 06, 13, 05, 10 ,12 में आठ स्थलों पर 1 करोड़ ,28 लाख , पचास हजार चार सौ चार रूपयों की लागत से सात सी सी रोड एवं वार्ड क्रमांक 1 में बी टी रोड का निर्माण किया जाना था। जिसे पूर्ण करने की जिम्मेदारी एक स्थानीय ठेकेदार ने ले रखी थी। लेकिन ना ही सड़क बनी और ना ही ठेकेदार पर कोई कार्यवाही हुई ,क्यों .. ? यह जांच का विषय है। लेकिन उक्त सड़क के ना बनने से स्थानीय लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

## पूर्व में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है सड़क

नगरीय क्षेत्र की जनता के लिए यह जानना भी आवश्यक है कि उक्त सड़क का निर्माण लाखों रुपयों की लागत से पूर्व परिषद द्वारा लगभग 4 से पांच वर्ष पूर्व भी किया गया था ,लेकिन निर्माण होते ही सड़क जगह - जगह से बताशो की तरह टूटने - बिखरने लगी थी,और चंद माह में ही धूल के गुबार में तब्दील हो गई थी ,जिसमें शिकवा - शिकायतों के स्थानीय अधिवक्ता की पहल पर सड़क की जांच कर दोषी ठेकेदार और उपयंत्री पर विभागीय कार्यवाही भी की गई । बहरहाल इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी से उनके फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन को फॉरवर्ड कर रखा था।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा परिषद में मुख्य नगर पालिकाधिकारी के समक्ष लगातार पत्राचार किया गया कि कार्य प्रारंभ किया जाए ,लेकिन आज तलक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया ,जबकि उक्त सड़क निर्माण को लेकर वार्डवासियों ने एक बार चक्का जाम भी किया था ,और मै लगातार प्रयासरत हूं ।

**भागीरथ उरेती ( पार्षद वार्ड क्रमांक - 1 )**



# मुनिश्री 108 प्रमाण सागर महाराज का आगमन, संस्कार पब्लिक स्कूल में दिया प्रेरक प्रवचन

▶ आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य ने नैतिकता, संयम और संस्कारों पर दिया संदेश

**नवभारत ,शहपुरा ।** मुनिश्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज, जो आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य एवं दिगंबर जैन समाज के ओजस्वी वक्ता, लेखक और प्रखर चिंतक हैं, उनका रविवार को शहपुरा नगर में भव्य आगमन हुआ। उनके आगमन से जैन समाज सहित नगरवासियों में अत्यंत उत्साह का वातावरण रहा। मुनिश्री ने संस्कार पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए नैतिक जीवन, संस्कार, संयम और आध्यात्मिकता का महत्व बताया।

## गुमशुदा



कौशल्या बाई पति जौहर सिंह सरोते उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी मैनपुरी पंचायत धनवासी विकासखंड अमरपुर जिला डिंडोरी, हेमराज कुंजाम पिता जोसफ उम्र लगभग 4 वर्ष निवासी चोआ भैंसवाही जिला मंडला जो विगत 11,02,2026 दिनांक को राज्य तेलंगाना रेलवे स्टेशन खम्हन से लापता हो गए है जिस किसी सज्जन को इनके बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त होती है तो मोबाइल नंबर पर संपर्क करें।

**9238376695**